**उत्तराखण्ड न्यायिक एवं विधिक अकादमी, घोड़ाखाल रोड,भवाली, नैनीताल।**

**निविदा सूचना**

अकादमी के उपयोगार्थ वित्तीय वर्ष 2011–2012 में उच्च गुणवत्ता की ब्रांडेड कम्पनियों द्वारा निर्मित 200 टाईयों तथा 200 लेदर बैग की आपूर्ति हेतु उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2008 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार प्रतिष्ठित/ख्याति प्राप्त निर्माता/विक्रेता फर्मो से अलग–अलग मुहरबन्द निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। मुहरबन्द निविदा लिफाफे के ऊपर **"टाई की आपूर्ति" तथा "लेदर बैग की आपूर्ति"** (जिसके लिए निविदा दी जा रही हो) लिखना अनिवार्य है। निविदाऍं दिनांक 22.09.2011 को अपरान्ह 1:00बजे तक स्वीकार होंगी तथा उसी दिन 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अकादमी कार्यालय में खोली जाऍंगी। निविदा प्रपत्र ₹ 500/–(रूपये पांच सौ मात्र) नकद भुगतान कर अकादमी कार्यालय से दिनांक 06.09.2011 से दिनांक 21.09.2011 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। टाईयों की निविदा के साथ ₹ 6000/–(छः हजार) मात्र तथा लेदर बैग की निविदा के साथ ₹ 12,000/–(बारह हजार) मात्र की धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में जो निदेशक, उत्तराखण्ड न्यायिक एवं विधिक अकादमी, भवाली के पक्ष में बंधक हो, लगाया जाना अनिवार्य है। निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व निविदा पत्र के साथ संलग्न शर्तो का अध्ययन भली–भॉंति कर लिया जाय। शर्तो के अनुसार निविदाऍं न होने अथवा अपूर्ण होने की दशा में उन पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के नियम एवं शर्तो का अवलोकन मा0 उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय की वेबसाइट http:/highcourtofuttarakhand.gov.in तथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) की वेबसाइट www.uk.gov.in पर किया जा सकता है।

संयुक्त निदेशक(लेखा)

**उत्तराखण्ड न्यायिक एवं विधिक अकादमी के लिए कय की जाने वाली सामग्री का संक्षिप्त विवरण**

(1)

| क. स. | सामग्री | मात्रा | सामग्री में निम्नांकित विशेषताओं का होना आवश्यक है। |
|---|---|---|---|
| 1. | Ties | 200 Nos. प्रत्येक टाई की डिब्बे में पैंकिग सहित। | (i) Materials- woven silk or polyester/silk<br>(ii) Color- Green<br>(iii) Color Monogram of Uttarakhand Judicial and Legal Academy<br>(iv) Pattern-Stripped<br>(v) Size- Standard length and width |
| | Total | 200 Nos. | |

(2)

| क. स. | सामग्री | मात्रा | सामग्री में निम्नांकित विशेषताओं का होना आवश्यक है। |
|---|---|---|---|
| 1. | Bags | 200 Nos. प्रत्येक बैग पालीथिन पैंकिग सहित। | (i) Materials - Leather<br>(ii) Color- Black<br>(iii) Color Monogram of Uttarakhand Judicial and Legal Academy-Round shaped in steel<br>(iv) Size approx- Width17" Height15" Thikness-6"<br>(v) Durable & water proof.<br>(vi) Preferably with inside pocket and laptop case. |
| | Total | 200 Nos. | |

**उत्तराखण्ड न्यायिक एवं विधिक अकादमी के उपयोगार्थ वित्तीय वर्ष 2011–2012 के लिए**
**<u>टाई एवं लेदर बैग की आपूर्ति हेतु निविदा के नियम एवं शर्तें</u>**

1. फर्म का ट्रेड टैक्स विभाग का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है तथा रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत की जानी अनिवार्य होगी।
2. आयकर विभाग के पैन कार्ड की प्रति संलग्न की जानी आवश्यक होगी।
3. सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार का दोष आने पर प्रतिपूर्ति/धरोहर धनराशि में से कटौती की जायेगी।
4. आपूर्ति किये गये सामग्री में किसी भी प्रकार की कमी होने पर सामग्री को बदलने का दायित्व आपूर्तिकर्ता फर्म का होगा।
5. उत्तराखण्ड राज्य में फर्म के प्रतिनिधि का नाम पता एवं दूरभाष का होना अनिवार्य है।
6. आवश्यकता होने पर सामग्री गुणवत्ता के सम्बन्ध में विशेषज्ञों से सामग्री का परीक्षण कराया जा सकता है। यदि परीक्षण में प्रतिकूल तथ्य प्राप्त होता है तो धरोहर राशि को अकादमी के पक्ष में जब्त कर फर्म को Black list में डाला जा सकता है।
7. फर्म द्वारा दी गई सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
8. निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹ 500.00 (रूपये पॉच सौ मात्र) होगा।
9. निविदादाता फर्म को निदेशक, उत्तराखण्ड न्यायिक एवं विधिक अकादमी, भवाली, जिला–नैनीताल के पक्ष में टाईयों की आपूर्ति के लिए ₹ 6,000/– (छः हजार मात्र) एवं लेदर बैगों की आपूर्ति के लिए ₹ 12,000 (बारह हजार मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक एफ0डी0आर0 छः माह की अवधि के लिए बंधक किया जाना आवश्यक होगा। धरोहर धनराशि संलग्न नही होने पर निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। बैंकर्स चेक अथवा चेक स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
10. सफल निविदादाताओं के अतिरिक्त अन्य निविदादाताओं की धरोहर धनराशि निविदा खुलने के बाद वापस कर दी जायेगी।
11. दरें स्वीकार होने पर दरों में कोई बृद्धि मान्य नहीं होगी तथा फर्म अनुमोदित दर पर सामग्री देने को बाध्य होगी। यदि फर्म द्वारा आपूर्ति में विलम्ब किया जाता है तो धरोहर धनराशि अकादमी के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।
12. सामग्रियों को अकादमी में लाये जाने का कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
13. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार अकादमी के सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।
14. निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मुहर एवं हस्ताक्षर किये जाने आवश्यक हैं।
15. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21.09.2011 है। उक्त तिथि को अपरान्ह् 01:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत की जा सकती है तथा अपरान्ह् 03:00 बजे निविदायें अकादमी कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी।
16. सामग्री की गुणवत्ता एवं विशिष्टिता का परीक्षण कय समिति द्वारा किया जाएगा तथा कय समिति का निर्णय सभी निविदादाताओं को मान्य होगा।
17. निविदादाताओं के द्वारा दरें वैट एवं सेवा कर को अलग–अलग करते हुए प्रस्तुत की जायेंगी।
18. टाईयों एवं लेदर बैगों की आपूर्ति हेतु अलग–अलग मुहरबंद निविदायें प्रेषित् की जाय।
19. टाई का प्रिंट व रंग नमूना निविदा फार्म के साथ संलग्न है।
20. टाई की निविदा में उल्लिखित Materials- woven silk or polyester/silk प्रत्येक की दर अलग–अलग अंकित की जाय।

# उत्तराखण्ड न्यायिक एवं विधिक अकादमी भवाली, नैनीताल।
## एल.ई.डी टी.वी. सैट की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र

प्रपत्र का वैट सहित मूल्य ₹ 500 प्रति

| |
|---|
| केवल कार्यालय प्रयोग हेतु<br>प्रपत्र संख्या........<br>कार्यालय की मुहर |

1. फर्म का नाम.......................................................................
2. फर्म के स्वामी का नामः..................................................................................................
3. फर्म का स्थानीय पता..........................................................................................................
   (दूरभाष संख्या सहित)...................................................................................................
4. फर्म का स्थाई पता.........................................................................................................
5. व्यापार कर.........................................................................................................
   पंजीकरण संख्या एवं प्रमाण–पत्र.........................................................................
6. सेवा कर का प्रमाण–पत्र.............................................................................................
   यदि आवश्यक हो तो
7. धरोहर धनराशि का विवरण
   (अ) राष्ट्रीकृत बैंक का नाम.............................................................................
   (ब) एफ0डी0आर0 संख्या..............................................................................
   (स) धनराशि............................................................................................................
8. अन्य प्रमाण पत्र यदि आवश्यक हैं..........................................................................

निविदादाता फर्म की मुहर एवं हस्ताक्षर

### सामग्री आपूर्ति किये जाने का प्रारूप

| क0सं0 | सामग्री का विवरण | कम्पनी / मेक, गुणवत्ता के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र | फर्म का अधिकृत पत्र / अन्य विवरण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

फर्म की सील / मोहर हस्ताक्षर

नोटः– (i) प्रारूप में आपूर्तिकर्ता फर्म जिस सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम हैं उन्हीं सामग्री का विवरण प्रस्तुत किया जाए।